# Code No. 1503

**CLASS : 11th (Eleventh)** **Series : 11-April/2021**

*रोल नं०* ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **$2\frac{1}{2}$** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :-*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 13 = 13$

(i) 'पतियाना' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) विश्वास करना (ख) गिरना

(ग) पत्ते आना (घ) पापी बनना

(ii) साधक सहजता से किसमें समा सकता है ?

(क) नरक में (ख) पानी में

(ग) आग में (घ) सहज में

(iii) प्रेम की बेल का फल क्या है ?

(क) कलह (ख) संघर्ष

(ग) आनन्द (घ) मरण

(iv) 'नारायण' शब्द का अर्थ है :

(क) जंगल में रहने वाला (ख) पानी में है घर जिसका

(ग) शादीशुदा (घ) नगण्य

(v) किसान के बेटे को किसने मारा ?

(क) बीमारी ने (ख) कारकुनों ने

(ग) आतंकियों ने (घ) चोरों ने

(vi) किसान की कौन-सी संपत्ति उजड़ गई ?

(क) सुख की खेती (ख) भव्य भवन

(ग) विशाल व्यापार (घ) विदेशी संपदा

(vii) किसान की पुत्रवधू कैसे मरी ?

(क) जलकर (ख) कटकर

(ग) कुएँ में डूबकर (घ) रोग से

(viii) कवि की नज़र में क्या तिर रहा था ?

(क) घर (ख) मित्र

(ग) ईश्वर (घ) सूर्य

(ix) कवि के पिता के कार्य में किसकी गति थी ?

(क) मन की (ख) रॉकेट की

(ग) झंझा की (घ) शेर की

(x) कवि कारागार में भी कैसा था ?

(क) सुस्त (ख) मस्त

(ग) ध्वस्त (घ) अस्त

(xi) 'दरख्तों के साये में धूप लगने' का क्या अर्थ है ?

(क) प्रशासनिक अव्यवस्था (ख) पतझड़

(ग) वृक्षों का सूखना (घ) गरमी अधिक होना

(xii) 'बहर' किस भाषा का शब्द है ?

(क) हिन्दी का (ख) संस्कृत का

(ग) उर्दू का (घ) फ्रेंच का

(xiii) आजकल मानव के दिल से क्या गायब होता जा रहा है ?

(क) भोलापन (ख) ईश्वरीयता

(ग) बेईमानी (घ) घृणा

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

मैं मजे में हूँ सही है
घर नहीं हूँ बस यही है,
किंतु यह बस बड़ा बस है
इसी बस से सब विरस है।

**अथवा**

वह स्वाधीन किसान रहा
अभिमान भरा आँखों में इसका,
छोड़ उसे मँझधार आज
संसार कगार सदृश बह खिसका।

**3.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 13 = 13$

(i) अलोपीदीन ने वंशीधर के सामने किस प्रकार का पत्र रखा ?

(क) कुशलता का (ख) स्टांप लगा हुआ

(ग) धमकी-भरा (घ) घूसखोरी का

(ii) विनयशील अलोपीदीन के सामने वंशीधर की आँखें कैसी हो गईं ?

(क) डबडबाई हुई (ख) क्रोधपूर्ण

(ग) घृणामयी (घ) द्वेषपूर्ण

(iii) अंग्रेज अफसर अलोपीदीन के इलाके में क्यों आते थे ?

(क) व्यापार करने (ख) दावत खाने

(ग) शिकार खेलने (घ) जुआ खेलने

(iv) मियाँ नसीरुद्दीन कितनी किस्म की रोटियाँ बनाने के लिए मशहूर थे ?

(क) छप्पन किस्म की (ख) सात किस्म की

(ग) चार किस्म की (घ) आठ किस्म की

(v) पापड़ से भी अधिक महीन कौन-सी रोटी होती है ?

(क) शीरमाल (ख) खमीरी

(ग) बेसनी (घ) तुनकी

(vi) मोहन के पिता का मुख्य कार्य क्या था ?

(क) मजदूरी (ख) पुरोहिताई

(ग) व्यापार (घ) नौकरी

(vii) धनराम के शिक्षक का क्या नाम था ?

(क) लीलाराम (ख) घनश्याम

(ग) शोभाराम (घ) त्रिलोक सिंह

(viii) स्पीति के पहाड़ों पर क्या नहीं है ?

(क) हिम (ख) शीत

(ग) शिव का अट्टहास (घ) वीरानी

(ix) 1960 ई० में लाहुल-स्पीति किस राज्य का जिला था ?

(क) पंजाब का (ख) उत्तराखण्ड का

(ग) जम्मू-कश्मीर का (घ) उत्तर प्रदेश का

(x) पेड़ के नीचे दबे हुए व्यक्ति की कवि के रूप में पहचान सबसे पहले किसने की ?

(क) लिपिक ने (ख) माली ने

(ग) चपरासी ने (घ) सचिव ने

(xi) जामुन का पेड़ कब गिरा ?

(क) रात में (ख) दोपहर में

(ग) सायंकाल (घ) सुबह-सुबह

(xii) स्वराज्य से किसे लाभ संभव था ?

(क) एक वर्ग को (ख) सबको

(ग) एक जाति को (घ) एक क्षेत्र को

(xiii) आर्थिक मंदी कब पैदा हुई ?

(क) 1930 ई० के बाद (ख) 1900 ई० से पहले

(ग) 1950 ई० के बाद (घ) कभी नहीं

**4.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

सामान्य तौर से ब्राह्मण टोले के लोगों का शिल्पकार टोले में उठना-बैठना नहीं होता था। किसी काम-काज के सिलसिले में यदि शिल्पकार टोले में आना ही पड़ा तो खड़े-खड़े बातचीत निपटा ली जाती थी। ब्राह्मण टोले के लोगों को बैठने के लिए कहना भी उनकी मर्यादा के विरुद्ध समझा जाता था।

**अथवा**

वृत्ति नहीं है। फिर क्यों रहते हैं ? क्या अपने धर्म की रक्षा के लिए रहते हैं ? अपनी जन्मभूमि के ममत्व के कारण रहते हैं ? या इस मजबूरी में रहते हैं कि कहीं और जा नहीं सकते ? कहाँ जाएँ ? या फिर और बातों के साथ-साथ यह सब कारण हैं ?

**5.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(i) बैठक में विचार के लिए जिन बिन्दुओं को रखा जाता है, उन्हें क्या कहते हैं ?

(क) स्मरण पत्र (ख) कार्यसूची

(ग) अर्द्ध सरकारी पत्र (घ) अधिसूचना

(ii) बैठक में लिए गए निर्णयों को सर्वसामान्य तक किस प्रकार पहुँचाया जाता है ?

(क) प्रेस विज्ञप्ति द्वारा (ख) सरकारी पत्र द्वारा

(ग) परिपत्र द्वारा (घ) अनुस्मारक द्वारा

(iii) पत्रकारिता की साख बनाए रखने के लिए सबसे अधिक आवश्यक क्या है ?

(क) आलोचना (ख) तथ्यों की शुद्धता

(ग) तरंग शैली (घ) उदात्त भाषा

(iv) डायरी को निम्न में से किस रूप में समझा जाता है ?

(क) दिव्य लेखन (ख) ईश-वचन

(ग) निजी वस्तु (घ) मुक्तक काव्य

**6.** व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $1 \times 10 = 10$

(i) 'हथघड़ी' समस्तपद का उचित विग्रह क्या है ?

(क) हाथ की घड़ी (ख) हाथ में घड़ी

(ग) हाथ के लिए घड़ी (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'निकम्मा' शब्द में कौन-सा समास है ?

(क) कर्मधारय (ख) बहुव्रीहि

(ग) तत्पुरुष (घ) अव्ययीभाव

(iii) 'विद्यारत्न' में कौन-सा समास है ?

(क) बहुव्रीहि (ख) कर्मधारय

(ग) द्विगु (घ) तत्पुरुष

(iv) 'केशवार्जुन' किस समास-भेद से जुड़ा है ?

(क) बहुव्रीहि (ख) द्वन्द्व

(ग) तत्पुरुष (घ) कर्मधारय

(v) 'मनोज' समस्तपद का ***सही*** विग्रह क्या है ?

(क) मन को जीतने वाला (ख) मन को जानने वाला

(ग) मन से जन्म लेने वाला-कामदेव (घ) मन में जीतना

(vi) 'शिरोमणि' शब्द में कौन-सी सन्धि है ?

(क) विसर्ग सन्धि (ख) व्यंजन सन्धि

(ग) वृद्धि स्वर सन्धि (घ) गुण सन्धि

(vii) 'जगन्मण्डल' शब्द का सन्धि-विच्छेद क्या है ?

(क) जगन् + मण्डल (ख) जगो + मण्डल

(ग) जगत् + मण्डल (घ) जगम् + मण्डल

(viii) 'अन्यान्य' शब्द में कौन-सी सन्धि है ?

(क) यण् सन्धि (ख) दीर्घ सन्धि

(ग) अयादि सन्धि (घ) व्यंजन सन्धि

(ix) निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?

(क) उसने कपड़े डाल लिए हैं। (ख) उसने कपड़े डाल रखे हैं।

(ग) उसने कपड़े पहन लिए हैं। (घ) इनमें से कोई नहीं

(x) निम्न वाक्य में ***सही*** विकल्प कौन-सा है ?

(क) यह एक गहरी समस्या है। (ख) यह एक अगाध समस्या है।

(ग) यह एक गंभीर समस्या है। (घ) यह एक सुगांभीर्य समस्या है।

**7.** सुमित्रानन्दन पंत ***अथवा*** भवानीप्रसाद मिश्र के जीवन, रचनाओं और काव्यगत विशेषताओं का परिचय दीजिए। 4

**8.** 'निरभै भया कबीर दिवाना' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

**9.** धनराम ***अथवा*** अलोपीदीन का चरित्र-चित्रण कीजिए। 4

**10.** स्पीति की फसलों का वर्णन कीजिए। 2

**11.** *'वितान' (भाग-1)* के निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) लता मंगेशकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) गहरी कुंई खोदने में बसौली की उपयोगिता को स्पष्ट कीजिए।

(ग) कुंई के रख-रखाव का वर्णन कीजिए।

(घ) बेबी की गरीबी का चित्रण कीजिए।

(ङ) फोटो ऐलबम देखकर बेबी के मन में भावनाओं का ज्वार किस प्रकार से उमड़ा ?

**12.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 + 5 = 10$

(क) डायरी लेखन की कला का विश्लेषण कीजिए।

(ख) पत्रकारिता से सम्बद्ध संपादन के सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए।